for more materials visit www.educationobserver.com/forum

Series : SKS/1

कोड नं.
Code No. **200/1**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 2 हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 10 प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

आशुलिपि (हिन्दी)
(सैद्धान्तिक)
SHORTHAND (HINDI)
(Theory)

निर्धारित समय : 3 घंटे] *[अधिकतम अंक : 30*
Time allowed : 3 hours] *[Maximum marks : 30*

सामान्य निर्देश :

(i) *सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) *प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर उपयुक्त उदाहरण देते हुए अधिकतम 10-10 शब्दों में दीजिए : $\frac{1}{2} \times 6 = 3$

(क) व्यंजन ङ को किन व्यंजनों के योग के लिए दुगुना किया जाता है ?

(ख) नीचे का 'ह' कब लिखा जाता है ?

(ग) संयुक्त व्यंजन 'म्प' को दुगुना किस व्यंजन के लिए किया जाता है ?

(घ) न का हुक/अंकुश सरल रेखाओं पर किस रूख/मोशन से लगता है ?

(ङ) संक्षिप्ताक्षर में न्यूनतम कितनी व्यंजन रेखाएँ होती हैं ?

(च) अधोमुखी व्यंजन 'ल' को मोटा करके कौन सा व्यंजन प्रकट होता है ?

for more materials visit www.educationobserver.com/forum

2. उपसर्ग किसे कहते हैं ? उपसर्ग के रूप में 'स' तथा 'अ' जोड़कर दो-दो शब्द व उनके आशुलिपि प्रारूप लिखिए । उदाहरणों द्वारा यह भी स्पष्ट कीजिए कि इसका प्रयोग शब्द-चिह्नों तथा संक्षिप्ताक्षरों के साथ जोड़कर किस प्रकार किया जाता है ? 5

3. प्रत्यय किसे कहते हैं ? निम्न प्रत्ययों के दो-दो शब्द रूप बनाकर आशुलिपि में लिखिए - कारी, पूर्वक । यह भी बताइए कि व्यंजन रेखा 'व' को आधा करने से किस-किस प्रत्यय का योग होता है ? 5

4. आशुलिपि में अर्द्धकरण से क्या अभिप्राय है ? हल्की रेखाओं को आधा करने के नियम स्पष्ट कीजिए । 2

अथवा

द्विगुणन सिद्धान्त के प्रयोग को उदाहरण देते हुए समझाइए ।

5. अंतिम बड़ा हुक किन ध्वनियों को प्रकट करता है ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । 2

6. आशुलिपि में 'व्यंजन पर काट' का क्या अभिप्राय है ? 2

7. आशुलिपि में संख्याएँ एवं मुद्राएँ किस प्रकार प्रकट करते हैं ? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए । 2

8. निम्नलिखित शब्दों को आशुलिपि में लिखिए : 3
   (i) प्रधान मंत्री
   (ii) वित्त मंत्री
   (iii) स्टेट बैंक
   (iv) कम्यूनिष्ट पार्टी
   (v) लोक सभा सचिवालय
   (vi) पाँच रुपये

9. निम्नलिखित को आशुलिपि में लिखिए : 3
   (i) विचार-विनिमय
   (ii) भरण-पोषण
   (iii) गुण-अवगुण
   (iv) जीवन-मरण
   (v) बड़े से बड़े
   (vi) कड़े से कड़े

10. निम्नलिखित वाक्यों को आशुलिपि में लिखिए : 3
   (i) नहीं हो सकता है ।
   (ii) इसके बाद से ।
   (iii) दो चार बातें ।
   (iv) किया जा चुका है ।
   (v) अपने सामने रखना चाहिए ।
   (vi) उद्योग-धन्धे